# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
# अखिल भारतीय समिति की बैठक का कार्यवृत

## रविवार, 20 नवंबर 2022; होटल विश्वरत्न, गुवाहाटी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की वर्तमान सत्र की चतुर्थ बैठक रविवार 20 नवंबर 2022 को पूर्वोतर मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में होटल विश्वरत्न, गुवाहाटी में आयोजित की गयी। बैठक का सभापतित्व सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने किया ।

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थे :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | श्री संतोष सराफ | श्री भानी राम सुरेका | श्री पवन कुमार गोयनका |
| श्री श्याम सुंदर हरलालका | श्री संजय हरलालका | श्री गोपाल अग्रवाल | श्री माणिकलाल दम्माणी |
| श्रीमती सीता हरलालका | श्रीमती सुषमा लाखोटिया | श्री स्वाती मुंधड़ा | श्री सुशील कुमार गोयनका |
| श्री प्रदीप भुवालका | श्री सावरमल अग्रवाल | श्री सम्पत मिश्र | श्री सज्जन शर्मा |
| श्री राज कुमार तिवाड़ी | श्री कैलाश पति तोदी | श्री मधुसुदर सिकारिया | श्री विवेक गुप्त |
| श्री कृष्ण कुमार जालान | श्री अशोक कुमार अग्रवाल | श्री विवेक सिंघानिया | श्री सुरेश कुमार बजाज |
| श्री ललीत कुमार कोठारी | श्री अनिल शर्मा | श्री राजेश बिरमीवाल | श्री रोशन लाल भारद्वाज |
| श्री रतन लाल अग्रवाल | श्री रुपचंद करनानी | श्री अशोक नागौरी | श्री भैरू कुमार शर्मा |
| श्री राजेश पाटोदिया | श्री विकास खंडेलवाल | श्रीमती सरोज के जालान | श्रीमती कंचन केजरीवाल |
| श्री दिनेश गुप्ता | श्री नीरांजन सिकारिया | श्री सीताराम अग्रवाल | श्री अशोक अग्रवाल |
| श्री सूरज जालान | श्रीमती सीमा अग्रवाल | श्रीमती उर्मिला दिनोदिया | श्री राजेश मालपानी |

निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सूचना दी :

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नंदलाल रूंगटा | श्री पवन सुरेका | श्री बसंत कुमार मित्तल | श्री श्याम सुंदर अग्रवाल |
| श्री नंद लाल सिंघानिया | श्री श्याम बेरीवाल | श्री सुरेश करनानी | श्री सीपी डालमिया |
| श्री आत्माराम काजारिया | श्री सुरेंद्र कुमार डालमिया | श्री राजीव केजरीवाल | श्री श्याम सुंदर टिबड़ेवाल |
| श्री विनय सरावगी | श्री ओम प्रकाश टिबड़ेवाल | श्री हरि कृष्ण अग्रवाल | श्रीमती सुषमा अग्रवाल |
| श्री अशोक भिवानीवाला | श्री संतोष खेतान | श्री लक्ष्मीपत भुतोड़िया | श्री चांदमल अग्रवाल |
| श्री निर्मल झुनझुनवाला | श्री बाबू लाल गग्गड़ | | |

सर्वप्रथम सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने सभी उपस्थित महानुभावों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज में निरन्तर संस्कारों में आ रही गिरावट बहुत बड़ी चिन्ता का कारण बनता जा रहा है क्योंकि इसी वजह से अन्य बुराईयां पनप रही हैं। एक तरफ से लड़के-लड़कियों का निश्चित उम्र में विवाह नहीं हो रहा है और हो भी रहा है तो दिन पर दिन तलाक के मामले बढ़ते जा रहे हैं। सहनशीलता की जगह ईगो ने ले ली है। सम्बन्धों को तोड़ना खिलौने की भांति हो गया है। श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने कहा कि विवाह के पश्चात लड़की के साथ माँ का फोन पर अत्यधिक वातार्लाप तथा पीहर वालों का हस्तक्षेप इसके पीछे मूल कारण बनता जा रहा है। लड़कियां भी अब शिक्षित हैं। अब दहेज के लिए अत्याचार जैसी बातें नगण्य हो गईं हैं। बस जरूरत है आपसी समझ के साथ आगे बढ़ने की। इसके लिए अधिकाधिक संख्या में युवा वर्ग को साथ लेकर गोष्ठियां तथा सेमिनार के आयोजन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में समाज सेवा के क्षेत्र में हमारे समाज की पहचान है, संस्कारों के बल पर समाज सुधार की प्रक्रिया को जारी रखना बहुत जरूरी है।

राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय कुमार हरलालका ने सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की पिछली बैठक का कार्यवृत प्रस्तुत किया, जो सर्वसम्मति से पारित हुआ।

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने कहा कि एकल सदस्यता के बाद सम्मेलन का जो राष्ट्रीय स्वरूप दिन-पर दिन उभरकर सामने आ रहा है, वह फख्र की बात है। उन्होंने कहा कि समाज में बहुत जल्दी-जल्दी विकृतियां आ रही हैं, संस्कार-संस्कृति की शिक्षा के जरिए ही इस पर रोकथाम संभव है।

बैठक के शुभारंभ में पूर्वोत्तर के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश खण्डेलवाल ने सभी का स्वागत किया। महिला शाखा की सदस्याओं ने 'म्हारे हिवड़े हर्ष अपार, कांई मनुवार करां' स्वागत गीत से सभी का मन मोह लिया। बैठक में युवा साथी श्री दिनेश गुप्ता की कर्मठता तथा तत्परता के साथ कार्य की सराहना की गई।

बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण डॉ. श्याम सुन्दर हरलालका (गुवाहाटी), श्री भानीराम सुरेका (कोलकाता) तथा श्री पवन गोयनका (दिल्ली) सहित पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विवेक गुप्ता, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री गोपाल अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री कैलाश पति तोदी, पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष श्री मधुसूदन सिकरिया, प्रादेशिक महामंत्री श्री अशोक अग्रवाल, प्रादेशिक उपाध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल, गुवाहाटी महिला शाखा की अध्यक्षा श्रीमती कंचन अग्रवाल, बेंगलुरू से आये श्री सीताराम अग्रवाल, कोलकाता के श्री रतन अग्रवाल के अलावा श्री कृष्ण कुमार जालान, राजकुमार तिवाड़ी सहित अन्य सदस्यों ने समाज की ज्वलंत समस्याओं एवं विभिन्न मुद्दों पर अपने -अपने विचार रखे जिस पर गहन मंथन हुआ, साथ ही संगठन को मजबूत करने की दिशा में गहन चिंतन किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने कहा कि प्रांतों में सम्मेलन की सक्रियता से राष्ट्रीय सम्मेलन को काफी मजबूती मिली है। निरन्तर नये-नये लोग खासकर युवा पीढ़ी का सम्मेलन से जुड़ाव होना एक शुभ संकेत है। हमें अभी इस दिशा में काफी प्रयास करने की जरूरत भी है।

| | |
|---|---|
| गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया<br>राष्ट्रीय अध्यक्ष | संजय कुमार हरलालका<br>राष्ट्रीय महामंत्री |